# कार्यालय प्रमुख वन संरक्षक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

**पत्रांक–ई– 981 /10–46–5(विकलांग/भर्ती), लखनऊ : दिनांक : 21, जनवरी, 2015**

सेवा में,

निदेशक,
राज्य सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

**विषय :–** **विकलांगजनों के बैकलाग को पूर्ण किये जाने हेतु सीधी भर्ती के माध्यम से आशुलिपिक के पद पर भर्ती किये जाने हेतु समाचार पत्रों में विज्ञापन का प्रकाशित किया जाना।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि वन विभाग के समूह–'ग' आशुलिपिक के पद पर विकलांगजन के बैकलाग पर भर्ती हेतु विज्ञप्ति की छः प्रति आपके अवलोकनार्थ एवं प्रकाशनार्थ संलग्न कर प्रेषित की जा रही है। अतः अनुरोध है कि कृपया इसे व्यापक प्रसार वाले 04 स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में यथाशीघ्र प्रकाशित कराने का कष्ट करें। पद का विवरण निम्नानुसार है :–

आशुलिपिक 01 पद

<u>संलग्नक–उपरोक्तानुसार</u>

भवदीय,

( डा0 रूपक डे )
प्रमुख वन संरक्षक,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

**<u>संख्या–ई–981 / उक्तदिनांकित।</u>**

1. प्रतिलिपि निदेशक, श्रम एवं सेवायोजन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ को विज्ञापन के प्रारूप सहित, इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त वर्णित रिक्त पद हेतु अपने स्तर से अधीनस्थ सेवायोजन कार्यालयों में व्यापक प्रचार करने का कष्ट करें।
2. प्रतिलिपि मुख्य वन संरक्षक, प्रचार–प्रसार, उ0प्र0, लखनऊ को विज्ञापन की प्रति आवश्यक कार्यवाही (नोटिस बोर्ड व अन्य प्रचार) हेतु प्रेषित।
3. मुख्य वन संरक्षक, आई0टी0, उ0प्र0, लखनऊ को विज्ञप्ति सं0–25/10–46–5(विक0/भर्ती), दिनांक 21.01.2015 की प्रति सी0डी0 सहित इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना विभागीय वेबसाइट पर डालने का कष्ट करें।

<u>संलग्नक–यथोपरि</u>

( डा0 रूपक डे )
प्रमुख वन संरक्षक,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

# वन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

## (लोक सेवा आयोग उ0प्र0 के क्षेत्र से बाहर)
## विकलांगजन के बैकलाग के रिक्त पद को सीधी भर्ती द्वारा भरने का विशेष अभियान

**विज्ञप्ति संख्या–ई– 25/10–46–5(विकलांग/भर्ती), लखनऊ : दिनांक : 21, जनवरी, 2015**

## विज्ञप्ति

वन विभाग में विकलांगजन के बैकलाग की पूर्ति हेतु आशुलिपिक के पद पर सुसंगत सेवा परिनियमावलियों के अन्तर्गत सीधी भर्ती के माध्यम से चयन हेतु आवेदन पत्र साधारण डाक/रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा इस कार्यालय में दिनांक 20.02.2015 तक के सायं 5.00 बजे तक प्राप्त किए जायेगें। उक्त तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र0 सं0 | पदनाम | वेतनमान | पद की संख्या व आरक्षण श्रेणी | | विकलांगता की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | संख्या | श्रेणी | चलन<br>क्रिया<br>निःशक्तता |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | आशुलिपिक | रू0 5200–20,200<br>ग्रेड वेतन 2800 | 1 | सामान्य | 1 पद<br>ओ0एल0 (एक पैर प्रभावित दायां या बायां)<br>बी0एल0 (दोनों पैर प्रभावित लेकिन हाथ नहीं) |

1. आशुलिपिक के पद हेतु आयु 18 वर्ष से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। विकलांगजनों हेतु अधिकतम आयु सीमा में 15 वर्ष की छूट अनुमन्य होगी।
2. आशुलिपिक के पद पर सीधी भर्ती हेतु अनिवार्य अर्हता–इण्टरमीडिएट के साथ हिन्दी आशुलिपिक में निर्धारित गति 80 शब्द प्रति मिनट तथा टंकण में 25 शब्द प्रति मिनट के साथ कम्प्यूटर से सम्बन्धित ज्ञान (डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 (DOEACC) सोसाइटी द्वारा संचालित सी0सी0सी0 पाठ्यक्रम अथवा माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, द्वारा संचालित कम्प्यूटर पाठ्यक्रम उत्तीर्ण होना ) ।
3. उपरोक्त पदों हेतु चयन प्रक्रिया उत्तर प्रदेश (लोक सेवा आयोग के क्षेत्र से बाहर) समूह–ग के पदों पर सीधी भर्ती प्रक्रिया नियमावली, 2002 (यथा संशोधित) के अनुसार तथा शासनादेश संख्या–18/1/2008–का–2–2008, दिनांक 03 फरवरी 2008 के निहित प्राविधानों के अधीन होगी। विकलांगता की परिभाषा, जो उ0प्र0 सरकार, कार्मिक अनुभाग–2, लखनऊ के कार्यालय ज्ञाप संख्या–18/1/2008–का–2/2008, दिनांक 03 फरवरी 2008 के अनुसार अभ्यर्थी जो उपरोक्त विकलांगता की श्रेणी में कम से कम 40 प्रतिशत संगत विकलांगता से ग्रस्त हो वहीं आवेदन के लिए पात्र होगें तथा उनको अपने आवेदन पत्र के साथ निर्धारित प्रारूप में राज्य सरकार द्वारा विधिवत् गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रदत्त सम्बन्धित विकलांगता श्रेणी का विकलांगता प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा उनके आवेदन पत्र पर कोई भी विचार नहीं किया जायेगा।
4. आवेदन पत्र के साथ अपना नाम ,पता व आवेदित पद का नाम लिखे हुये दो लिफाफे भी संलग्न करें।

5. आवेदन पत्र के ऊपर **''विकलांगजनों की भर्ती हेतु आवेदन पत्र''** अवश्य लिखा जाय।
6. चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति प्रदेश के किसी भी जनपद में की जा सकती है।
7. पद की संख्या घट बढ़ सकती है एवं विकलांगता की श्रेणी में परिवर्तन हो सकता है।
8. आवेदन पत्र भेजे जाने का पता– कार्यालय मुख्य वन संरक्षक, प्रशासन (अराजपत्रित), उ0प्र0, अरण्य भवन, 17 राणा प्रताप मार्ग, उ0प्र0, लखनऊ ।
9. अपूर्ण या बिना हस्ताक्षरित आवेदन पत्र पर किसी भी दशा में विचार नहीं किया जायेगा।
10. समस्त प्रमाण–पत्र सक्षम राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित होने चाहिए।
11. अभ्यर्थी को परीक्षा/साक्षात्कार हेतु आने जाने हेतु कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
12. आवेदन पत्र एवं भर्ती सम्बन्धी अन्य विवरण के लिए किसी भी कार्यालय कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। अथवा नोटिस बोर्ड पर कार्यालय की विज्ञप्ति पढ़ी जा सकती है।
13. सम्पूर्ण अर्हताएं एवं योग्यता उ0प्र0 सरकार तत्सम्बन्धित नियमावली के अनुरूप होगी।
14. आवेदन पत्रों के परीक्षणोपरान्त आवेदकों को परीक्षा/साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा।
15. आवेदन पत्र साधारण डाक/रजिस्टर्ड डाक अथवा स्पीड पोस्ट से ही भेजे जा सकेगें।
16. विभागीय वेबसाईट http;"www. forest.up.nic.in" से डाउन लोड किया जा सकता है।

(डा0 रूपक डे)
प्रमुख वन संरक्षक,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

# वन विभाग, उ0प्र0 में समूह–'ग' (आशुलिपिक) के विकलांगजन के बैकलाग के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

कार्यालय प्रमुख वन संरक्षक, उ0प्र0, 17 राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ के नियंत्रणाधीन रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन :–

राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित पासपोर्ट साइज का फोटो

**आवेदित पद का नाम–**

1– अभ्यर्थी का पूरा नाम (हिन्दी में)....................................................................................
(अंग्रेजी में)(बड़े अक्षरों में)....................................................................................

2– पिता /पति का नाम ....................................................................................

3– जन्म तिथि .................................... माह.................................वर्ष..........................
(कृपया हाईस्कूल सर्टिफिकेट की प्रमाणित प्रति संलग्न करें)

4– 01 जनवरी, 2015 को आयु वर्ष.....................................माह.................................दिन..........................

5– स्थायी पता ....................................................................................................................
....................................................................................................................

6– पत्र व्यवहार का पता ....................................................................................................................

7– राष्ट्रीयता ....................................................................................................................

8– (अ) विकलांगता हेतु आरक्षित श्रेणी (प्रमाणित प्रति संलग्न करें)..........................................................................
(चलन क्रिया निःशक्तता)
(ब)आरक्षित श्रेणी(अनुसूचित जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग) ......................................................................
(कृपया जाति प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति संलग्न करें)

9– धर्म/जाति ....................................................................................................................

10– वैवाहिक स्थिति (विवाहित/अविवाहित)..........................................................................................

11– शैक्षिक योग्यता प्रमाणित प्रतियां संलग्न करें..........................................................................................

| क0 सं0 | परीक्षा का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | श्रेणी | प्रतिशत | विषय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |

12– (अ) क्या आप उ0प्र0 सरकार की सेवा से छंटनीशुदा–............................................................
कर्मचारी हैं, यदि हॉ तो आपने कितने वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है। (प्रमाणित प्रति संलग्न करें)
(ब) क्या आप कुशल खिलाड़ी रहे हैं, यदि हॉ, तो किस स्तर..........................................................................
के स्पष्ट करें।
(अन्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य अथवा विश्वविद्यालय /कालेज/स्कूल स्तर के खिलाड़ी) (प्रमाणित प्रति संलग्न करें)।

13– आशुलेखन, टंकण एवं कम्प्यूटर के वांछित ज्ञान सम्बन्धी प्रमाण पत्रों का विवरण ....................................................
(प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियां भी संलग्न करें।

14– अन्य विवरण यदि कोई हो।

15– विज्ञापन संख्या– ..........................................................................................

16– स्पष्ट पत्र व्यवहार का पता लिखे दो लिफाफे ....................................................................................
आवेदन के साथ संलग्न करें जिसके ऊपर आवेदित पदनाम भी अंकित हो।

आवेदक का नाम/स्पष्ट हस्ताक्षर

**<u>घोषणा–पत्र</u>**

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि

1.मैने विज्ञप्ति में दी गई पात्रता/अर्हता की शर्तो की सावधानी पूर्वक पढ़ा है। वह मुझे मान्य है और यह शर्ते मैं पूरा करता/करती हूँ।

2.पुरूष हेतु–मेरी एक से अधिक जीवित पत्नियॉ नहीं हैं।
महिला हेतु–मैने किसी ऐसे पुरूष से विवाह नहीं किया है जिसकी पहले से एक जीवित पत्नी हो।

3.इस आवेदन पत्र में दिये गये सम्पूर्ण विवरण/सूचनायें सत्य एवं सही हैं। मैने कोई तथ्य छिपाया नहीं है।

4.यदि कोई विवरण/सूचना असत्य अथवा गलत पाई जाय तो मेरा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाय।

5.यदि नियुक्ति हो जाने के उपरान्त ऐसी स्थिति प्रकाश में आती है जो चयन नियमावली के विरूद्ध है, तो मेरी सेवायें समाप्त कर दी जायें। इस पर मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी।

संलग्नकों की संख्या :–

संलग्नकों का विवरण :–

आवेदक के स्पष्ट हस्ताक्षर